बरारी वाटर वर्क्स से 24 घंटे में 38 लाख गैलन की जगह मात्र 4 लाख गैलन

पटना की सूझबूझ से रात में भागलपुर को मिली बिजली

भागलपुर | वरिष्ठ संवाददाता

पटना में हुए बवाल के बाद जिस तरह भागलपुर में ब्लैक आउट हुआ था, सुबह तक बिजली के लौटने की कोई उम्मीद नहीं थी। लेकिन, रात में ही बिजली आ गई। यह यूं ही नहीं हुआ। रात में बिजली देने के लिए बाकायदा पर्दे के पीछे 'आपदा प्रबंधन' किया गया। सरकारी बिजली कंपनी के राज्य मुख्यालय के निर्देश पर फ्रेंचाइजी भागलपुर इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बीईडीसीपीएल) ने इस 'आपदा प्रबंधन' को अंजाम दिया। शुक्रवार शाम पांच बजते-बजते पटना की घटना के बारे में हरेक विद्युतकर्मी को पता

पर्दे के पीछे

- भागलपुर के अभियंताओं समेत तमाम कर्मियों के मोबाइल थे ऑफ
- बीईडीसीपीएल के 55 कर्मियों ने उप केंद्रों से चालू करवाई बिजली

चल गया था। एक-एक कर पहले सारे पावर सब स्टेशन बंद हुए और फिर ग्रिड के कर्मी भी निकल गए। सभी अभियंताओं-कर्मियों ने सरकारी मोबाइल-फोन बंद कर लिए। रात में बिजली आने की कोई उम्मीद नहीं थी। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के मुख्य अभियंता (ऑपरेशन एंड मेंटनेंस) एस. के. पी. सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए 01 नवंबर से भागलपुर में विद्युत वितरण की तैयारी में जुटी बीईडीसीपीएल के निदेशक अमानुल्लाह को 'आपदा प्रबंधन' के लिए तैयार रहने को कहा। उधर रात करीब साढ़े 11 बजे ऊर्जा मंत्री ने पटना स्थित आवास पर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता शुरू हुई और इधर बीईडीसीपीएल के मिरजान स्थित दफ्तर में नवचयनित कर्मियों की आपात बैठक शुरू हुई। बैठक खत्म होने के तुरंत बाद करीब पौने एक बजे भागलपुर में पदस्थापित साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) के विद्युत अभियंताओं से संपर्क किया गया, लेकिन सभी अभियंताओं के मोबाइल बंद मिले। बीईडीसीपीएल को आपदा प्रबंधन का विशेष निर्देश दिया गया। कंपनी के निदेशक अमानुल्लाह और सीओओ सुबीर कुमार दास ने 55 कर्मियों के साथ अभियान शुरू किया। स्विच बोर्ड ऑपरेटर सोए मिले। उन्हें जगाया गया और हड़ताल खत्म होने की जानकारी देते हुए मुख्य अभियंता (ऑपरेशन एंड मेंटनेंस) ने सप्लाई शुरू करने का निर्देश दिया। रात एक बजने में तीन मिनट शेष थे जब बरारी उप केंद्र से बिजली सप्लाई शुरू की। इसके बाद सीएस व अलीगंज उप केंद्र के उपकरणों को ऑन कराया गया। सुबह चार बजे तक हर जगह सप्लाई शुरू हो सकी।

टाइमलाइन

- रात 12:57 बजे बरारी उप केंद्र की सप्लाई शुरू
- रात 01:16 बजे जेल फीडर पहुंचा आपदा प्रबंधन दस्ता
- रात 01:35 बजे सीएस उप केंद्र को कराया गया स्विच ऑन
- रात 01:55 बजे अलीगंज उप केंद्र की सप्लाई की गई शुरू
- रात 03:19 बजे सप्लाई शुरू होने की सूचना पटना पहुंची

बांका समेत हर इलाके में संपर्क हो पा रहा था लेकिन भागलपुर के अभियंताओं व विद्युतकर्मियों के मोबाइल नहीं लग रहे थे। ऐसी स्थिति में बीईडीसीपीएल को विशेष निर्देश दिया गया ताकि हड़ताल खत्म होने के बाद जल्द से जल्द उपभोक्ताओं को बिजली के जरिए राहत दी जा सके। उन्हें हर उप केंद्र में जाकर सप्लाई शुरू करवाने को कहा गया था।

एस. के. पी. सिंह, मुख्य अभियंता (ऑपरेशन एंड मेंटनेंस)
बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड